कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.09.2023

थाना शिवपुर पुलिस टीम ने जाली नोटों के साथ रेस्टोरेन्ट संचालक आदर्श उर्फ आशु शर्मा गिरफ्तार, कब्जे से 200/- रू0 के 16 नोट व 100/- रू0 के 22 नोट बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त आदर्श उर्फ आशु शर्मा पुत्र विरेन्द्र शर्मा निवासी फ्लैट न0 11 बी0डी0ए0 कालोनी चाँदमारी थाना शिवपुर वाराणसी को दिनांक 08.09.2023 को समय करीब 22.35 बजे रिंग रोड चाँदमारी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 200 /- रू0 के 16 नोट व 100/- रू0 के 22 नोट बरामद हुए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर में अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 407/2023 धारा 489बी, 489सी भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

विवरण पूछताछ- पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैं कैण्ट रेलवे स्टेशन पर रेस्टोरेन्ट चलाता हूं तथा मैं नकली नोटों को बाजार में असली बनाकर चलाता हूँ। हमारा एक गिरोह है, हमलोग अधिक पैसा कमाने के लिए मिलकर नकली नोटों को असली नोटो की जगह चलाते हैं। अभी मेरे पास 100 व 200 रू0 के जाली नोट चलाने के लिए थे जिसको लेकर मैं सारनाथ की ओर जा रहा था। इसके पहले भी कुछ नोट रास्ते में तथा कुछ अपने क्षेत्रो में चलाकर देखे तो आसानी से चल गये थे तो मुझको लालच आ गया और धीरे-धीरे जाली नोटो को चलाने का काम करने लगा तथा यह जाली नोट मैं मनोज कुमार शाह पुत्र गनेश शाह निवासी मस्जिद के पास बीच बाजार कुदरा थाना कुदरा कैमूर बिहार से लेकर आता हूँ। मनोज के साथ वहीं के दो लोग और रहते है जिनका नाम मुझे अभी ज्ञात नहीं है वह लोग भी जब मै नोट लेने देने जाता हूँ तो वह लोग भी मनोज के साथ रहते हैं । मनोज कुमार शाह ने मुझे बोला है कि यह जाली नोट चला लेना तो और अधिक मात्रा में जाली नोट ले जाना। मैं जल्दी से पैसा कमाने के चक्कर में यह काम करने लगा।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

आदर्श उर्फ आशु शर्मा पुत्र विरेन्द्र शर्मा निवासी फ्लैट न0 11 बी0डी0ए0 कालोनी चाँदमारी थाना शिवपुर वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

200 /- रू0 के 16 जाली नोट व 100/- रू0 के 22 जाली नोट

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी
2. हे0का0 राघवेन्द्र सिह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी
3. का0 बाबादीन आजाद थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 संदीप कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी
5. का0 बालमुकुन्द मौर्या थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी
6. का0 ज्ञानेन्द्र कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी
7. हे0का0 राघवेन्द्र सिह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी